प्रेस-नोट
थाना-कोतवाली, जनपद-झाँसी

दिनांक – 26.03.2025

ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए तीन शातिर सटोरी गिरफ्तार
कब्जे से 204900 नकद, 05 मोबाईल फोन, 01 अदद अवैध पिस्टल व 01 स्कार्पियो कार बरामद

श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा सिंह महोदया के कुशल निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर महोदया श्रीमती स्नेहा तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री राजेश पाल सिंह झाँसी के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 25.03.2025 को झांसी किला की बाउन्ड्री के पास चौकी क्षेत्र खण्डेराव गेट थाना कोतवाली जनपद झांसी से काली स्कार्पियो में बैठकर 'यूएसजीटी ऐप' के माध्यम से आनलाईन सट्टा खेलते हुए तीन शातिर सटोरियों को संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर समय 23.00 बजे अभियुक्तगण 1. वैभव सिह पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह निवासी महाराणा प्रताप नगर थाना नवाबाद झाँसी, उम्र करीब 20 वर्ष 2. कपिल वर्मा पुत्र अलोक वर्मा निवासी शिवाजी नगर थाना नवाबाद जनपद झांसी, उम्र 19 वर्ष तथा 3. लोकेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र संतोष विश्वकर्मा निवासी उन्नावगेट अन्दर थाना कोतवाली जनपद झांसी, उम्र करीब 22 वर्ष को पाँच अदद मोबाइल फोन, एक अवैध पिस्टल, 204900 रु0 नकद तथा एक स्कार्पियों कार सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी तथा उनके पास से अपराध से सम्बन्धित बरामद माल के संबंध में थाना कोतवाली पर संबंधित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तगणो को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता-

- वैभव सिह पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह निवासी महाराणा प्रताप नगर थाना नवाबाद झाँसी उम्र करीब 20 वर्ष
- कपिल वर्मा पुत्र अलोक वर्मा निवासी शिवाजी नगर थाना नवाबाद जनपद झांसी उम्र 19 वर्ष
- लोकेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र संतोष विश्वकर्मा निवासी उन्नावगेट अन्दर थाना कोतवाली जनपद झांसी उम्र करीब 22 वर्ष

गिरफ्तारी का स्थान , दिनांक -

- किला की बाउन्ड्री के पास चौकी क्षेत्र खण्डेराव गेट थाना कोतवाली जनपद झांसी
  दिनांक 25.03.2025 समय 23.00 बजे

बरामद माल का विवरणः-

- 02 लाख 49 सौ रुपये नकद, 05 अदद मोबाईल फोन, 01 अदद नाजायज पिस्टल 0.32 बोर, 01 स्कार्पियो गाडी काला रंग।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. निरी0 श्री राजेश पाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली झाँसी , ।
2. उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार चौकी प्रभारी खण्डेराव गेट थाना कोतावाली झाँसी,।
3. उ0नि0 अशोक कुमार थाना कोतवाली जनपद झाँसी।
4. हे0का0 359 मुकेश कुमार थाना कोतवाली जनपद झांसी।
5. का0 124 दीपक खैनवार थाना कोतवाली जनपद झांसी।
6. का0 46 राजेश राजपूत थाना कोतवाली जनपद झांसी।
7. का0 199 राजेश कुमार थाना कोतवाली जनपद झांसी।